कार्यालयः– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, सिरोही

क्रमांकः प 23(1)/स्था/ग्रुप–3/2025/ 156 दिनांक :– 24–7–2025

कार्यालय–आदेश

इस न्यायक्षेत्र के समस्त कर्मचारीयगण को सूचित किया जाता है कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय बैंच जयपुर द्वारा SB Criminal Misc Suspension of Sentence Application (Appeal) No 1687/ 2024 Ibra@Ibran s/o Mamraj Vs. State of Rajasthan मे पारित आदेश दिनांक 24.07.2025 के द्वारा कर्मचारीयो के अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहने को अवैध मानते हुये समस्त कर्मचारीगण को दिनांक 25.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने का आदेश दिया है एव कर्मचारीयो द्वारा कर्तव्य पर उपस्थित नही होने की स्थिति में जिला न्यायाधीश को उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने, स्थानान्तरण करने, आचरण नियमो के तहत आरोप पत्र जारी करने , निलबंन व अन्य कार्यवाही करने एवं आदेशानुसार अन्य कार्यवाही करने हेतु आदेशित/ अधिकृत किया गया है ।

अतः इस न्यायक्षेत्र के समस्त कर्मचारीयो को सूचित किया जाता है कि वे माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश की पालना मे दिनांक 25.07.2025 को प्रात 10.00 बजे आवश्यक रूप से अपने कर्तव्य पर संबंधित न्यायालय मे उपस्थित होवे, अन्यथा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशानुसार उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी ।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
सिरोही (राज)

क्रमांकः प 23(1)/स्था/ग्रुप–3/2025/ 3803–06 दिनांक :– 24 –7–2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1– समस्त पीठासीन अधिकारी, सिरोही न्यायक्षेत्र को प्रेषित कर लेख है कि अविलंब इस आदेश की प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावे एवं कर्मचारीगण को जरिये वाटसअप एव अन्य उचित माध्यम से सूचित किया जाये तथा **कर्मचारीगण की उपस्थित / अनुपस्थित की सुचना इस कार्यालय को 10.30 ए एम तक हर सुरत में प्रेषित करावे ।**

2– सिस्टम ऑफिसर , जिला न्यायालय , सिरोही को प्रेषित कर निर्देश है कि अविलंब उक्त आदेश जिला न्यायालय सिरोही मे पदस्थापित कर्मचारीगण को जरिये वाटसअप सूचित करे ।

3– अध्यक्ष, राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ, जिला शाखा सिरोही को मय माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति सहित प्रेषित कर आदेशित किया जाता है कि समस्त कर्मचारीगण को इससे अवगत कराते हुये कर्मचारीगण को आदेशानुसार अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करे ।

4– नोटिस बोर्ड जिला न्यायालय सिरोही/ संबंधित पत्रावली ।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
सिरोही